**Series : RP4QS**

**SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/4/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# अर्थशास्त्र
# ECONOMICS

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **80***

**नोट**

*(I)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं।*

*(II)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

*(III)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।*

*(IV)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

*(V)* *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।* []

**NOTE**

*(I)* *Please check that this question paper contains **27** printed pages.*

*(II)* *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

*(III)* *Please check that this question paper contains **34** questions.*

*(IV)* *Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.*

*(V)* *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है :*
***खण्ड क** – समष्टि अर्थशास्त्र*
***खण्ड ख** – भारतीय आर्थिक विकास*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के **सभी** भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।*

## खण्ड क

## समष्टि अर्थशास्त्र

**1.** किसी काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए मान लीजिए कि, आय के शून्य स्तर व सम-स्तर पर उपभोग क्रमशः ₹ 50 तथा ₹ 200 है।

निम्नलिखित में से सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) के सही मान का चयन कीजिए : *1*

(A) 0·8

(B) 0·9

(C) 0·75

(D) 0·85

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper contains **two** sections :*

***Section A** – Macro Economics*

***Section B** – Indian Economic Development*

*(iii)* *This question paper contains **20** Multiple Choice type Questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *This question paper contains **4** Short Answer Type-I Questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in 60 to 80 words.*

*(v)* *This question paper contains **6** Short Answer Type-II Questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in 80 to 100 words.*

*(vi)* *This question paper contains **4** Long Answer type Questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in 100 to 150 words.*

*(vii)* *Attempt **all** parts of a question together.*

*(viii)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, map, etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION A
## Macro Economics

**1.** Assuming for an imaginary economy, consumption at zero level of income and break-even level of income is ₹ 50 and ₹ 200 respectively.

Choose the correct value of Marginal Propensity to Consume (MPC), from the following : *1*

(A) 0·8

(B) 0·9

(C) 0·75

(D) 0·85

**2.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन I :* मूल्य का मापन, दो वस्तुओं के सापेक्ष मूल्यों की तुलना करना सरल बनाता है।

*कथन II :* मुद्रा वस्तुओं व सेवाओं के क्रय-विक्रय के कार्य को सुगम बनाती है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है और कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है और कथन II सत्य है।

(C) कथन I और II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I और II दोनों असत्य हैं।

**3.** राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$), के मूल्य पर पहुँचने के लिए ___________ को कारक लागत पर ___________ में जोड़ा जाना चाहिए। *1*

(रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) मूल्यह्रास, शुद्ध घरेलू उत्पाद

(B) मूल्यह्रास, सकल घरेलू उत्पाद

(C) विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय, शुद्ध घरेलू उत्पाद

(D) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर, सकल घरेलू उत्पाद

**4.** ___________ विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत, सक्षम प्राधिकारी निर्यात में वृद्धि करने के लिए मुद्रा का अवमूल्यन कर सकता है। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) स्थिर

(B) नम्य

(C) प्रबंधित

(D) स्थिर नम्य

**2.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement I :* The measurement of value makes it easier to compare the relative worth of two commodities.

*Statement II :* Money facilitates the act of sale and purchase of goods and services.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statements I and II are true.

(D) Both Statements I and II are false.

**3.** To arrive at the value of National Income ($NNP_{FC}$), __________ must be added to __________ at factor cost. *1*

(Choose the correct option to fill in the blanks)

**Options :**

(A) Depreciation, Net Domestic Product

(B) Depreciation, Gross Domestic Product

(C) Net Factor Income from Abroad, Net Domestic Product

(D) Net Indirect Taxes, Gross Domestic Product

**4.** Under __________ exchange rate system, the competent authority may devalue currency to increase exports. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) Fixed

(B) Floating

(C) Managed

(D) Fixed floating

5. ______________ में वृद्धि के रूप में निवेश को परिभाषित किया जा सकता है। *1*

(i) भौतिक पूँजी के स्टॉक

(ii) मालसूची में परिवर्तन

(iii) उपभोग

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) केवल (i) (B) (i) और (ii)

(C) (i) और (iii) (D) (i), (ii) और (iii)

6. मान लीजिए कि, एक बैंकिंग प्रणाली को ₹ 1,000 की प्राथमिक जमा राशि प्राप्त हुई तथा इसके परिणामस्वरूप वाणिज्यिक बैंकों ने ₹ 5,000 का साख सृजन किया।

उपर्युक्त स्थिति में, आरक्षित अनुपात का मूल्य __________ प्रतिशत होगा। *1*


(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) 10 (B) 20

(C) 25 (D) 40

7. दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

रेखा LK __________ वक्र को दर्शाती है। *1*




(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) उपभोग (B) समग्र आपूर्ति

(C) समग्र माँग (D) निवेश

**5.** Investment is defined as addition to the __________ . *1*

(i) Stock of physical capital

(ii) Changes in the inventory

(iii) Consumption

(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) Only (i) (B) (i) and (ii)

(C) (i) and (iii) (D) (i), (ii) and (iii)

**6.** Suppose, a banking system received primary deposits of ₹ 1,000 and as a result commercial banks created credit worth ₹ 5,000.

The value of Reserve Ratio in the given situation would be __________ percent. *1*


(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) 10 (B) 20

(C) 25 (D) 40

**7.** Study the given image carefully :

The line LK represents _________ curve. *1*




(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) Consumption (B) Aggregate Supply

(C) Aggregate Demand (D) Investment

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***7*** *के स्थान पर है।*

__________ से तात्पर्य उस उपभोग से है, जो कि आय के स्तर से स्वतंत्र होता है। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) स्वायत्त उपभोग
(B) प्रेरित उपभोग
(C) समस्तर (Break-even level)
(D) स्वायत्त निवेश और उपभोग

**8.** निम्नलिखित कथनों : अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* सरकार अपनी कर नीति के माध्यम से अल्प माँग की स्थिति को नियंत्रित कर सकती है।

*कारण (R) :* सरकार द्वारा कर दरों में की गई कमी लोगों की प्रयोज्य आय में वृद्धि करती है।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।
(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है।
(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है।

**9.** भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) निम्नलिखित रूप में बैंकों के बैंकर के रूप में कार्य करता है : *1*

(i) क्लियरिंग (Clearing) हाऊस
(ii) नकदी का संरक्षक
(iii) सरकार का ऋणदाता
(iv) बैंकों का आवधिक निरीक्षण

**विकल्प :**

(A) (i) और (ii)
(B) (ii) और (iii)
(C) (i), (ii) और (iv)
(D) (i) और (iv)

**10.** किसी भारतीय निवासी द्वारा विदेशों में क्रय की गई संपत्ति को भुगतान संतुलन __________ के खाते के __________ पक्ष में दर्ज किया जाता है। *1*

(रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) पूँजी, क्रेडिट
(B) चालू, क्रेडिट
(C) चालू, डेबिट
(D) पूँजी, डेबिट

***Note :*** *The following question is for* ***Visually Impaired candidates*** *only in lieu of Q. no.* ***7****.*

___________ refers to that consumption, which is independent of the level of income. (Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) Autonomous Consumption

(B) Induced Consumption

(C) Break-even level

(D) Autonomous Investment and Consumption

**8.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below : *1*

*Assertion (A) :* Government can control the situation of deficient demand through its taxation policy.

*Reason (R) :* Reduction in tax rates by the government leads to increase in the disposable income of the people.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**9.** Reserve Bank of India (RBI) performs the function of Banker to the Banks by acting as a : *1*

(i) Clearing House

(ii) Custodian of Cash Reserves

(iii) Lender to the Government

(iv) Periodic inspection of Banks

**Options :**

(A) (i) and (ii) (B) (ii) and (iii)

(C) (i), (ii) and (iv) (D) (i) and (iv)

**10.** Purchase of a property by an Indian resident abroad can be recorded on the ___________ side of ___________ account of Balance of Payments. *1*

(Choose the correct option to fill in the blanks)

**Options :**

(A) Credit, Capital (B) Credit, Current

(C) Debit, Current (D) Debit, Capital

**11.** (क) दिए गए आँकड़ों के आधार पर, कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{FC}$) के मूल्य का अनुमान लगाएँ : *3*

| *क्रम संख्या* | *मदें* | *राशि (₹ करोड़ में)* |
|---|---|---|
| (i) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 800 |
| (ii) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 700 |
| (iii) | शुद्ध आयात | 200 |
| (iv) | सकल सार्वजनिक निवेश | 100 |
| (v) | मालसूची (inventory) निवेश | 50 |
| (vi) | सकल आवासीय निर्माण निवेश | 300 |
| (vii) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 70 |
| (viii) | सकल व्यावसायिक स्थायी निवेश | 130 |
| (ix) | स्थायी पूँजी का उपभोग | 20 |
| (x) | ब्याज | 150 |
| (xi) | विदेश को भुगतान की गई शुद्ध कारक आय | 100 |

**अथवा**

(ख) आय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय ध्यान रखी जाने वाली किन्हीं दो सावधानियों की व्याख्या कीजिए। *3*

**12.** (क) मुद्रा आपूर्ति को परिभाषित कीजिए। *1*

(ख) मुद्रा आपूर्ति के किसी एक घटक की व्याख्या कीजिए। *2*

**13.** (क) भुगतान संतुलन के अंतर्गत समायोजन मदों को परिभाषित कीजिए। *1*

(ख) "चालू खाते में दर्ज किए जाने वाले आर्थिक लेन-देनों को दो भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है — दृश्य व अदृश्य मदें। दोनों लेन-देनों के शुद्ध अंतर्वाह को व्यापार अधिशेष कहा जाता है।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य तर्क दीजिए। *3*

**11.** (a) On the basis of the given data, estimate the value of Gross Domestic Product at Factor Cost ($GDP_{FC}$) : *3*

| *S. No.* | *Items* | *Amount (in ₹ crore)* |
|---|---|---|
| (i) | Private final consumption expenditure | 800 |
| (ii) | Government final consumption expenditure | 700 |
| (iii) | Net imports | 200 |
| (iv) | Gross public investment | 100 |
| (v) | Inventory investment | 50 |
| (vi) | Gross residential construction investment | 300 |
| (vii) | Net indirect taxes | 70 |
| (viii) | Gross business fixed investment | 130 |
| (ix) | Consumption of fixed capital | 20 |
| (x) | Interest | 150 |
| (xi) | Net factor income paid to abroad | 100 |

**OR**

(b) Explain any two precautions to be kept in mind while estimating National Income by the Income method. *3*

**12.** (a) Define Money Supply. *1*

(b) Explain any one component of money supply. *2*

**13.** (a) Define Accommodating Items under Balance of Payments (BoP). *1*

(b) "Economic transactions that are recorded in the current account can be classified in two parts — merchandise and invisibles. Net inflows from both the transactions are referred to as Trade Surplus."

Do you agree with the given statement ? Give valid arguments in support of your answer. *3*

**14.** (क) यदि किसी अर्थव्यवस्था में, प्रत्याशित समग्र माँग (AD), प्रत्याशित समग्र आपूर्ति (AS) से अधिक है, तो ऐसी स्थिति में समायोजन तंत्र की व्याख्या कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए निवेश गुणक की कार्यविधि की व्याख्या कीजिए, यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) 0·8 तथा वृद्धिशील निवेश ₹ 2,000 करोड़ हैं। *4*

**15.** निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

"6 दिसंबर को मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) गवर्नर ने नकद आरक्षित अनुपात (CRR) में 50 आधार अंकों (basis points) की कटौती करते हुए इसे 4% करने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करते हुए तरलता प्रबंधन के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है।"

उपर्युक्त गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (MPC) द्वारा लिए गए निर्णय के पीछे के तर्क व संभावित प्रभाव की व्याख्या कीजिए। *3*

(ii) नकद आरक्षित अनुपात (CRR) को परिभाषित कीजिए। *1*

**16.** (क) (i) "क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (CLSS) प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) का एक प्रमुख घटक है, जिसका उद्देश्य भारत में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS), निम्न-आय वर्ग (LIG) तथा मध्यम-आय वर्ग (MIG) के लिए किफ़ायती आवास उपलब्ध कराना है।"

उपर्युक्त कथन में इंगित सरकारी बजट उद्देश्य की पहचान व व्याख्या कीजिए। *3*

(ii) सरकार के कर राजस्व के स्रोतों के दो प्रकारों के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए। *3*

**अथवा**

**14.** (a) Explain the adjustment mechanism, if in an economy, ex-ante Aggregate Demand (AD) is more than ex-ante Aggregate Supply (AS). *4*

**OR**

(b) Explain the process of working of Investment Multiplier, for a hypothetical economy with Marginal Propensity to Consume (MPC) as 0·8 and Incremental Investment as ₹ 2,000 crore. *4*

**15.** Read the following passage carefully :

" The Reserve Bank of India (RBI) Governor announced a 50 basis points reduction in the Cash Reserve Ratio (CRR) to 4% during the Monetary Policy Committee (MPC) address on December 6. The Governor noted that this move reflects a balanced approach towards managing liquidity while ensuring economic stability."

Based on the above passage and common understanding, answer the following questions :

(i) Explain the rationale and the likely impact of the decision taken by the Monetary Policy Committee (MPC) of Reserve Bank of India (RBI). *3*

(ii) Define Cash Reserve Ratio (CRR). *1*

**16.** (a) (i) "The Credit Linked Subsidy Scheme (CLSS) is a key component of the Pradhan Mantri Awas Yojana (PMAY), aimed at providing affordable housing for the Economically Weaker Sections (EWS), Lower-income Groups (LIG), and Middle-income Groups (MIG) in India."

Identify and explain the government budget objective highlighted in the above statement. *3*

(ii) Differentiate between the two types of tax revenue sources of the government. *3*

**OR**

(ख) (i) मेधा, एक अर्थशास्त्र की छात्रा, सरकार द्वारा नए प्लेटफॉर्म (जेट विमान, पनडुब्बी आदि) व सशस्त्र बलों के कर्मियों के वेतन और पेंशन के रूप में रक्षा पर किए गए व्यय के सम्बन्ध में अध्ययन कर रही थी।

उसने दोनों व्ययों को पूँजीगत व्यय के रूप में वर्गीकृत किया था।

क्या आप मेधा के विचारों से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में उचित स्पष्टीकरण दीजिए। *3*

(ii) यदि किसी अर्थव्यवस्था के लिए, प्राथमिक घाटा ₹ 1,000 करोड़ तथा ब्याज भुगतान सरकार के कुल ऋण का 20% है, तो राजकोषीय घाटे के मूल्य की गणना कीजिए। *3*

**17.** निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

घरेलू उत्पाद किसी राष्ट्र में एक विशिष्ट अवधि में आर्थिक गतिविधियों से उत्पन्न सभी वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य को मापता है, जबकि राष्ट्रीय आय, एक समयावधि में आर्थिक गतिविधियों के परिणामस्वरूप सभी कारकों द्वारा प्राप्त आय का कुल योग है।

राष्ट्रीय आय में मात्र वे आय सम्मिलित होती हैं, जो प्रत्यक्ष रूप से वस्तुओं व सेवाओं के वर्तमान उत्पादन से प्राप्त होती हैं, इन्हें कारक आय कहा जाता है।

जब कई वर्षों के दौरान, वर्तमान मूल्यों पर राष्ट्रीय आय का मापन होता है, तो राष्ट्रीय आय में होने वाला परिवर्तन उत्पादन में हुए परिवर्तनों के साथ-साथ मूल्यों में हुए परिवर्तनों का प्रभाव भी सम्मिलित करता है। इस अनुमान की अवधि के दौरान की गई तुलना राष्ट्र में उत्पादन की वास्तविक समग्र वृद्धि अथवा लोगों के आर्थिक कल्याण का सटीक माप नहीं होगी।

इसलिए, कीमतों के प्रभाव को समाप्त करना आवश्यक होगा, अन्य शब्दों में, एक विशेष आधार वर्ष की दी गई कीमतों की पूरी श्रृंखला की पुनर्गणना करना आवश्यक होगा। इस प्रकार की गई गणना को स्थिर मूल्यों पर राष्ट्रीय आय कहा जाता है।

उपर्युक्त गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) घरेलू उत्पाद व राष्ट्रीय उत्पाद के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए। *3*

(ii) 'स्थिर मूल्यों पर मापी गई राष्ट्रीय आय, किसी देश में उत्पादन की वास्तविक समग्र वृद्धि का बेहतर माप है।'

दिए गए कथन का वैध तर्कों द्वारा औचित्य सिद्ध कीजिए। *3*

(b) (i) Medha, an economics student, was studying about the expenditure on defence incurred by the government in the form of acquiring new platforms (jets, submarines etc.), and salaries and pensions of armed forces personnel.
She classified both the expenditures as capital expenditure.
Do you agree with Medha's views ? Give valid explanation in support of your answer. *3*

(ii) If, for an economy, Primary Deficit is ₹ 1,000 crore and interest payments are 20% of total borrowings of the government, then calculate the value of fiscal deficit. *3*

**17.** Read the following passage carefully :

The domestic product measures the value of all goods and services arising out of economic activity within a country over a specific period, while National Income is the sum total of income earned by all factors of production as a result of the economic activities during a period of time.

National Income includes only those incomes which are derived directly from the current production of goods and services, which are called Factor Incomes.

When National Income is measured at current prices over a number of years, the changes in National Income would include the effect of the changes in production along with the changes in prices. This estimate compared over the period would not be an accurate measure of the overall real increase in production of the country or the economic welfare of the people of the economy.

Therefore, it would be necessary to eliminate the effect of prices, in other words, to recompute the whole series at given prices of one particular base year. National Income, thus computed, is termed as National Income at constant prices.

On the basis of the above passage and common understanding, answer the following questions :

(i) Differentiate between Domestic Product and National Product. *3*

(ii) 'National Income measured at constant prices is a better measure of the overall real increase in production of the country.'
Justify the given statement with valid arguments. *3*

## खण्ड ख

## भारतीय आर्थिक विकास

**18.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन I :* श्रमिक जनसंख्या अनुपात का उपयोग किसी राष्ट्र की समग्र रोज़गार स्थिति का विश्लेषण करने के लिए किया जाता है।

*कथन II :* एक परिधान कंपनी ने दैनिक मजदूरी के आधार पर दो श्रमिकों को कार्यरत किया है। ऐसी स्थिति को औपचारिक क्षेत्र का रोजगार माना जाता है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है और कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है और कथन II सत्य है।

(C) कथन I और II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I और II दोनों असत्य हैं।

**19.** निम्नलिखित में से ***असत्य*** कथन की पहचान कीजिए। *1*

(A) ग्रामीण साख के विस्तार से भारतीय कृषकों को अपना उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि करने में सहायता मिली है।

(B) आर्थिक सुधारों के पश्चात् ग्रामीण बैंकिंग क्षेत्र का विस्तार व संवर्धन पिछड़ गया है।

(C) यह एक स्वीकृत तथ्य है कि, यदि कृषक अपनी उपज सीधे उपभोक्ताओं को विक्रय करते हैं, तो उनकी लाभप्रदता में वृद्धि होती है।

(D) जिन कृषकों को प्रचलित मूल्यों के संदर्भ में आवश्यक जानकारी होती है, वे प्राय: अपना उत्पादन कम मूल्यों पर विक्रय कर देते हैं।

## SECTION B

## Indian Economic Development

**18.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement I :* Worker Population Ratio is used for analyzing the overall employment situation of a country.

*Statement II :* A garment company has hired two workers on daily wage basis. Such a situation is considered as a formal sector employment.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statements I and II are true.

(D) Both Statements I and II are false.

**19.** Identify the ***incorrect*** statement from the following. *1*

(A) Expansion of rural credit has helped the Indian farmers to increase their production and productivity.

(B) The expansion and promotion of the rural banking sector has taken a backseat after the economic reforms.

(C) It is an accepted fact that if, farmers sell their produce directly to consumers, their profitability increases.

(D) Farmers who have the required information on prevailing prices often sell their produce at low prices.

**20.** निम्नलिखित कथनों : अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* शिक्षा किसी राष्ट्र के आर्थिक विकास के लिए महत्त्वपूर्ण कारकों में से एक है।

*कारण (R) :* एक स्वस्थ व्यक्ति लंबे समय तक निर्बाध श्रम आपूर्ति प्रदान कर सकता है।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है।

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा हरित क्रांति का एक लाभ ***नहीं*** है ? *1*

(A) विपणित अधिशेष में वृद्धि

(B) खाद्यान्नों के मूल्यों में वृद्धि

(C) खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता

(D) बफ़र स्टॉक का सृजन

**22.** दिए गए चित्र के आधार पर ***असत्य*** विकल्प का चयन कीजिए : *1*




(A) रोजगार से संबंधित जानकारी केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा एकत्र की जाती है।

(B) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने इस उद्यम के आधुनिकीकरण और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा उपायों के प्रावधान की पहल की है।

(C) बाज़ार की अनिश्चितता के प्रति अत्यधिक संवेदनशील।

(D) एक उद्यम में 10 या 10 से कम श्रमिकों को नियुक्त किया जाता है।

**20.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below : *1*

*Assertion (A) :* Education is one of the important factors for economic growth of a country.

*Reason (R) :* A healthy person could provide uninterrupted labour supply for a longer period of time.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**21.** Which of the following is ***not*** an advantage of Green Revolution ? *1*

(A) Increased marketed surplus

(B) Increase in prices of food grains

(C) Self-sufficiency in food grains

(D) Creation of buffer stock

**22.** Based on the given image, choose the ***incorrect*** option : *1*




(A) Information related to employment is collected by Union Ministry of Labour.

(B) International Labour Organization (ILO) has initiated modernization of this enterprise and the provision of social security measures to workers.

(C) Highly vulnerable to uncertainties of the market.

(D) An enterprise hires 10 or less than 10 workers.

**23.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन I :* कृषि में विविधीकरण का संबंध फ़सलों के पैटर्न में परिवर्तन तथा कार्यबल में संबद्ध गतिविधियों की ओर बदलाव से है।

*कथन II :* कृषि विपणन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें कृषि उत्पादों का संग्रह, भंडारण, प्रसंस्करण, परिवहन, पैकेजिंग, वर्गीकरण व वितरण सम्मिलित होता है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है और कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है और कथन II सत्य है।

(C) कथन I और II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I और II दोनों असत्य हैं।

**24.** मानव विकास इस विचार पर आधारित है, कि __________ और __________ मानव कल्याण के अभिन्न अंग हैं। *1*

(रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) शिक्षा, सम्पत्ति (B) स्वास्थ्य, सम्पत्ति

(C) शिक्षा, स्वास्थ्य (D) स्वास्थ्य, निवास

**25.** निम्नलिखित कथन के संदर्भ में सही विकल्प की पहचान कीजिए :

"किसानों और औद्योगिक इकाइयों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सरकार द्वारा निर्धारित की गई कीमतों के आधार पर कच्चे माल एवं तैयार वस्तुओं की निर्धारित मात्राएँ क्रय-विक्रय करें जबकि शेष वस्तुएँ बाज़ार कीमतों पर खरीदी और बेची जाती थीं।" *1*

**विकल्प :**

(A) ग्रेट लीप फॉरवर्ड

(B) दोहरी मूल्य निर्धारण नीति

(C) विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZs)

(D) कम्यून व्यवस्था

**26.** व्यापार व सीमा शुल्क महासंधि (GATT) का उत्तराधिकारी संगठन __________ था। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक (IBRD)

(B) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

(C) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)

(D) विश्व व्यापार संगठन (WTO)

**23.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement I :* Diversification in agriculture relates to change in cropping pattern and shift in workforce to allied activities.

*Statement II :* Agricultural marketing is a process that involves the assembling, storage, processing, transportation, packaging, grading and distribution of agro-products.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statements I and II are true.

(D) Both Statements I and II are false.

**24.** Human Development is based on the idea that __________ and __________ are integral to human wellbeing. *1*

(Choose the correct option to fill in the blanks)

(A) Education, Wealth (B) Health, Wealth

(C) Education, Health (D) Health, Housing

**25.** Identify the correct option with reference to the following statement :

"Farmers and industrial units were required to transact fixed quantities of raw materials and finished goods on the basis of prices fixed by the government, while the rest were purchased and sold at market price." *1*

**Options :**

(A) Great Leap Forward

(B) Dual Pricing Policy

(C) Special Economic Zones (SEZs)

(D) Commune System

**26.** __________ was the successor organisation to General Agreement on Trade and Tariff (GATT). *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) International Bank for Reconstruction and Development (IBRD)

(B) International Monetary Fund (IMF)

(C) Reserve Bank of India (RBI)

(D) World Trade Organisation (WTO)

**27.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन I :* जनसंख्या विस्फोट, समृद्ध उपभोग तथा उत्पादन ने पर्यावरण पर अत्यधिक दबाव डाला है।

*कथन II :* वहनीय क्षमता एक घनत्व-निर्भर जनसंख्या का वह अधिकतम आकार है जिसके लिए जनसंख्या वृद्धि दर शून्य होती है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है और कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है और कथन II सत्य है।

(C) कथन I और II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I और II दोनों असत्य हैं।

**28.** स्वतंत्रता संकेतक को परिभाषित कीजिए तथा इसके महत्त्व का उल्लेख कीजिए। *3*

**29.** (क) अनाया व रोहन की अपनी-अपनी कृषि भूमि थी। अनाया ने आधुनिक कृषि तकनीक सीखने, फसल चक्र, मृदा प्रबंधन व कीट नियंत्रण में श्रमिकों को प्रशिक्षण देने पर ध्यान केन्द्रित किया। दूसरी ओर, रोहन ने उन्नत मशीनरी, सिंचाई प्रणाली व एचवाईवी (HYV) बीजों में निवेश किया।

"अनाया व रोहन दोनों ने मानव पूँजी में निवेश किया।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में उचित तर्क प्रस्तुत कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) "प्रतिषेधी आयुर्विज्ञान, चिकित्सीय व सामाजिक आयुर्विज्ञान पर व्यय मानव पूँजी व आर्थिक विकास के निर्माण में सहायता करता है।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में उचित तर्क प्रस्तुत कीजिए। *3*

**30.** (क) "भारत में बुनियादी ढाँचे का उत्थान ब्रिटिश शासन की एक प्रमुख विशेषता थी।"

दिए गए कथन के आलोक में अंग्रेज़ों के स्वार्थपूर्ण हितों को पूरा करने से जुड़े किन्हीं दो घटनाक्रमों का उल्लेख व चर्चा कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) "स्वतंत्रता उपरांत अवधि में भारत ने सुरक्षात्मक टैरिफ नीति अपनाई थी।"

क्या आप उपर्युक्त कथन से सहमत हैं ? किन्हीं दो वैध तर्कों द्वारा अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए। *4*

**27.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement I :* Population explosion, affluent consumption and production have placed a huge stress on the environment.

*Statement II :* Carrying capacity is the largest size of a density-dependent population for which the population growth rate is zero.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statements I and II are true.

(D) Both Statements I and II are false.

**28.** Define Liberty Indicator and mention its significance. *3*

**29.** (a) Anaya and Rohan owned separate farms. Anaya focused on learning modern farming techniques, training workers in crop rotation, soil management, and pest control.

On the other hand, Rohan invested in advanced machinery, irrigation systems, HYV seeds.

"Both Anaya and Rohan invested in human capital."

Do you agree with the given statement ? Give valid argument in support of your answer. *3*

**OR**

(b) "Expenditure on preventive medicine, curative and social medicine helps in building human capital and economic development."

Do you agree with the given statement ? Give valid argument in support of your answer. *3*

**30.** (a) "Infrastructural upliftment of India was one of the key features of the British rule in India."

State and discuss any two such developments, in the light of the given statement, with self-serving interests of the British. *4*

**OR**

(b) "In the post-independence era, India adopted a protective tariff policy."

Do you agree with the given statement ? Justify your answer with any two valid arguments. *4*

**31.** व्याख्या कीजिए कि, भारत में विभिन्न सरकारों के प्रयासों से राष्ट्र में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सृजन में किस प्रकार सहायता मिली है। *4*

**32.** दिए गए आँकड़ों के आधार पर, भारत व चीन में संभावित नियोक्ता के रूप में उभरने वाले क्षेत्रक के रोजगार व सकल मूल्य वृद्धि (GVA) के भाग की रूपरेखा प्रस्तुत कर तुलना कीजिए। *4*

**2021 में रोजगार एवं सकल घरेलू उत्पाद (%) के क्षेत्र शेयर**

| *क्षेत्र* | *सकल मूल्य वृद्धि में योगदान* | | | *कार्यबल का वितरण* | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | *भारत* | *चीन* | *पाकिस्तान* | *भारत* | *चीन* | *पाकिस्तान* |
| कृषि | 19 | 8 | 24 | 46 | 23 | 37 |
| उद्योग | 29 | 39 | 20 | 25 | 32 | 25 |
| सेवा | 52 | 53 | 56 | 29 | 45 | 38 |
| **योग** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

**33.** (क) (i) "कुछ विद्वानों के मतानुसार, उर्वरक उपदान को अब चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि उन्होंने अपना उद्देश्य पूरा कर लिया है।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर की उचित तर्कों द्वारा पुष्टि कीजिए। *4*

(ii) ऐसे किन्हीं दो उपायों का उल्लेख कीजिए, जिनके द्वारा सरकार विनिवेश का कदम उठा सकती है। *2*

**अथवा**

(ख) (i) "1991 के आर्थिक सुधारों के दौरान सरकार ने वित्तीय क्षेत्र में अनेक सुधार किए, जिनका आगामी वर्षों में महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ा।"

दिए गए कथन का वैध तर्कों द्वारा औचित्य सिद्ध कीजिए। *4*

(ii) किसी एक महारत्न व किसी एक नवरत्न कंपनी का नाम लिखिए। *2*

**31.** Elaborate, how the efforts of various governments in India have helped in generation of employment, directly or indirectly, in the nation. *4*

**32.** On the basis of the given data, outline and compare the share of Employment and Gross Value Added (GVA) of the sector that emerges to be a prospective employer in India and China. *4*

**Sectoral Share of Employment and GDP (%) in 2021**

| *Sector* | *Contribution of GVA* | | | *Distribution of Workforce* | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | *India* | *China* | *Pakistan* | *India* | *China* | *Pakistan* |
| Agriculture | 19 | 8 | 24 | 46 | 23 | 37 |
| Industry | 29 | 39 | 20 | 25 | 32 | 25 |
| Services | 52 | 53 | 56 | 29 | 45 | 38 |
| **Total** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

**33.** (a) (i) "As per a few scholars, fertilizer subsidies should now be phased out, as they have served their purpose."

Do you agree with the given statement ? Justify your answer with valid arguments. *4*

(ii) State any two ways by which the government can execute the step of disinvestment. *2*

**OR**

(b) (i) "During the 1991 economic reforms, the Government undertook a range of financial sector reforms which made a significant impact in the years to follow."

Justify the given statement with valid arguments. *4*

(ii) State the name of any one Maharatna and any one Navratna company. *2*

**34.** निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

2021 की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, 100 सबसे प्रदूषित शहरों में से 63 भारत में हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि PM 2·5 सांद्रता (हवा में मौजूद सूक्ष्म कण जिनकी लंबाई 2·5 माइक्रोमीटर या उससे कम होती है) राष्ट्र के 48% शहरों में विश्व स्वास्थ्य संगठन के वायु गुणवत्ता दिशानिर्देशों के स्तर से 10 गुणा अधिक है। निस्संदेह इसने वायु प्रदूषण को भारत में सबसे गंभीर पर्यावरणीय मुद्दों में से एक बना दिया है।

वाहनों से उत्सर्जन, औद्योगिक अपशिष्ट, भोजन से धुआँ, निर्माण क्षेत्र, पराली जलाना व बिजली उत्पादन भारत में वायु प्रदूषण के सबसे बड़े स्रोतों में से हैं। अनियंत्रित विद्युतीकरण के कारण कोयले, तेल व गैस पर देश की निर्भरता इसे दुनिया का सबसे बड़ा प्रदूषक बनाती है, जो हर साल वायुमंडल में 2·65 अरब मीट्रिक टन से अधिक कार्बन का योगदान देता है।

2021 में, भारत दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में से एक था, जो बांग्लादेश के बाद दूसरे स्थान पर था। 2021 में, भारत में वार्षिक औसत PM 2·5 का स्तर लगभग 58·1 $\mu g/m^3$ था।

वैज्ञानिकों ने PM 2·5 के लगातार संपर्क को कई दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं से जोड़ा है जिनमें हृदय व फेफड़ों की बीमारी के साथ-साथ हर साल 7·5 मिलियन समय से पहले होने वाली मौतें भी शामिल हैं।

उपर्युक्त गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भारत में वायु प्रदूषण के किन्हीं चार स्रोतों का उल्लेख कीजिए। *2*

(ख) वायु में PM 2·5 कणों के बढ़ते स्तर के प्रतिकूल प्रभावों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए। *3*

(ग) CPCB का पूर्ण रूप बताइए। *1*

**34.** Read the following text carefully :

According to the 2021 World Air Quality Report, India is home to 63 of the 100 most polluted cities. The study also found that PM 2·5 concentration (tiny particles in the air that are 2·5 micrometres or smaller in length) in 48% of the country's cities are more than 10 times higher than the WHO's air quality guidelines level. Undoubtedly, this has made air pollution as one of the most pressing environmental issues in India.

Vehicular emission, industrial waste, cooking smoke, the construction sector, crop burning and power generation are among the biggest sources of air pollution in India. The country's dependence on coal, oil and gas due to rampant electrification makes it the world's the largest polluter, contributing over 2·65 billion metric tonnes of carbon to the atmosphere every year.

In 2021, India was among the world's most polluted countries, second only to Bangladesh. The annual average PM 2·5 level in India was about 58·1 $\mu g/m^3$ in 2021.

Scientists have linked persistent exposure to PM 2·5 to many long-term health issues including heart and lung disease, as well as 7·5 million premature deaths each year.

On the basis of the above passage and common understanding, answer the following questions :

(a) State any four sources of air pollution in India. *2*

(b) Discuss briefly the adverse impacts of rising levels of PM 2·5 particles in the air. *3*

(c) State the full form of CPCB. *1*